बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

12/12/2023

संचिका सं0 : 01/भू0अ0नि0(2)क्षे0स्था0–चालक(प्रभार)– 15/2023 9169 **पटना, दिनांक**:–.......

आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक 13.10.2023 में सन्निहित प्रावधानों के आलोक में अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था के तहत दिनांक 08.12.2023 को सम्पन्न विभागीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन बन्दोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित वाहन चालक संवर्ग के निम्नांकित कुल–03 कर्मियों को **कोटि–I के पद पर** विहित वेतनमान (वेतन स्तर–05) सहित, अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार अगले आदेश तक के लिए प्रदान किया जाता है :–

क्र0 सं0	वाहन चालक का नाम	वरीयता क्रमांक	पदस्थापित कार्यालय का नाम	वर्त्तमान पद
1	2	3	4	5
1	श्री कौशल कुमार	1	बन्दोबस्त कार्यालय, पटना	साधारण कोटि
2	श्री महेश चौधरी	2	बन्दोबस्त कार्यालय, पटना	साधारण कोटि
3	श्री विनय कुमार विजय	3	बन्दोबस्त कार्यालय, भोजपुर (आरा)	साधारण कोटि

2. यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–19300 दिनांक 13.10.2023 में निहित शर्त्तों के अध्यधीन है।

3. उपर्युक्त चालकों द्वारा वर्त्तमान में धारित पद को अगले आदेश तक कोटि–I (विहित वेतनमान–वेतन स्तर–05) में उत्क्रमित किया जाता है।

4. उपरोक्त उच्चतर कोटि का विहित वेतनमान सहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन सिविल अपील संख्या–4880/2017 राज्य सरकार एवं अन्य बनाम सुशील कुमार सिंह एवं अन्य तथा अन्य संबद्ध वादों में पारित होने वाले अंतिम आदेश के फलाफल से प्रभावित होने की शर्त्त पर औपबंधिक रूप से प्रदान की जाती है।

5. उपर्युक्त चालकों को योगदान करने की तिथि से कोटि–I के पद पर अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार का आर्थिक लाभ देय होगा।

6. आदेश निर्गत के पश्चात् भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि/विसंगति पाये जाने की स्थिति में तदनुसार इसे संशोधित अथवा निरस्त किया जा सकेगा।

12/12/23

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

12/12/2023

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0(2)क्षे0स्था0–चालक(प्रभार)– 15/2023 9169 **पटना, दिनांक** :–

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (लेखा एवं हक0), बिहार, पटना/सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

F:\Permotion\Chalak final doc

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0(2)क्षे0स्था0–चालक(प्रभार)– 15/2023 7169 **पटना, दिनांक** :– 12/12/2023

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ/सभी संबंधित बंदोबस्त पदाधिकारी/सभी संबंधित कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0(2)क्षे0स्था0–चालक(प्रभार)– 15/2023 7169 **पटना, दिनांक**: 12/12/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
12/12/23